

डिजीटल पत्र
# कांग्रेस दर्पण
दैनिक
पटना, 12 अप्रैल, बुधवार, 2023

# लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई जारी है, जारी रहेगी




केरल के वायनाड में राहुल गांधी जी और प्रियंका गांधी वाड्रा जी की जनसंपर्क रैली

**आज पूरी सरकार, सारे मंत्री, सारा सिस्टम एक व्यक्ति– राहुल गांधी पर हमला करने के लिए लगा दिया गया है क्योंकि वे ऐसे सवाल पूछ रहे हैं जिसका यह सरकार जवाब नही दे सकती। जो झूठ बोलते हैं, सच उन्हें हमेशा विचलित करता है लेकिन हमारा देश सत्य, अहिंसा और न्याय की बुनियाद पर खड़ा हुआ है। हमारी लड़ाई सत्य के लिए है और सत्य ही विजयी होगा।**

**-प्रियंका गांधी वाड्रा**

# लालू यादव के तीन पीढ़ियों को केंद्र सरकार द्वारा परेशान किया जाना देश के राजनीतिक इतिहास की पहली घटनाः डॉक्टर चंद्रिका प्रसाद यादव

पटना । कांग्रेस दर्पण

बिहार के लोकप्रिय नेता श्री लालू प्रसाद यादव के तीन पुस्तों को जिस तरह से केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लगातार परेशान किया जा रहा है। उनका यह गुनाह राजनीतिक इतिहास के काले अक्षरों में दर्ज होगा। इस प्रकार से अपने किसी राजनीतिक विरोधी को इतना हद तक जाकर परेशान करना इस देश के राजनीतिक इतिहास की पहली घटना है। उक्त बातें जाने माने शिक्षाविद् एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस के पॉलिटिकल अफेयर कमिटी के सदस्य डॉ चंद्रिका प्रसाद यादव ने कही। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि ऐसे वक्त में तेजस्वी को ईडी का सम्मन भेजा जाता है, जब उनके आवास पर इफ्तार पार्टी चल रही होती है। जिसमें राज्य के बीजेपी को छोड़कर लगभग सभी पॉलिटिकल पार्टी के प्रमुख नेता उसमें शामिल होते हैं। चाहे वो मुख्य मंत्री नीतीश कुमार हों या पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, चिराग



पासवान, पप्पू यादव समेत लगभग बिहार के सभी जाने माने नेता उस पार्टी में शिरकत करते हैं।।

आखिर केंद्र की वर्तमान सरकार क्या चाहती?? दरअसल, 2024 के लोकसभा चुनाव में हार के डर से केंद्र की तानाशाह सरकार इस प्रकार की ओछी हरकत कर रही है।। डॉ यादव ने कहा कि लैंड फॉर जॉब मामला तब का है, जब तेजस्वी नाबालिग थे।। आखिर जो बच्चा हो उसे इस तरह के मामलों में घसीटना बेहद ही शर्मनाक है। कभी लालू जी को तो फिर राबड़ी जी को, उसके बाद उनके बेटियों को यहां तक की उनके नाती, बहु और अब तो उनके नवजात पोती को भी परेशान किया जा रहा है , जो की अभी अभी इस दुनिया में आई है।। उन्होंने केंद्र सरकार , सीबीआई और ईडी द्वारा की जा रही ऐसी कार्रवाई को घोर अमानवीय करार दिया।। उन्होंने कहा कि ऐसे बुरे वक्त में कांग्रेस पार्टी लालू जी के साथ है और पार्टी इस तरह के साजिशपूर्ण कार्रवाई की कड़ी निन्दा करती है।।

# अमृत काल नही मित्र काल का दौड़ है: राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा कांग्रेस श्रीनिवास





पटना । कांग्रेस दर्पण

लोकतंत्र की अवाज़ बंद किए जाने और षडयंत्र के तहत राहुल गांधी जी की सदस्यता छीने जाने के खिलाफ भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी जी एवं बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्री शिव प्रकाश गरीब दास और बिहार युवा कांग्रेस के प्रभारी राजेश कुमार शत्री

के नेतृत्व में बिहार के पटना में लोकतंत्र बचाओ विशाल मशाल जुलूस प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम से लोकतंत्र बचाओ मशाल जुलूस निकाला गया जो राजापुल होते हुए बांसघाट स्थित देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डा० राजेन्द्र प्रसाद जी के समाधि स्थल पर समाप्त हुआ। राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष श्रीनिवास ने बताया की देश में जिस तरह व्यक्तिगत संस्थान का दुरुपयोग किया जा रहा हैं इससे साफ़ दिखता है अघोषित आपातकाल पूरे देश मे लागू है और देश में लोग समझ रहे की यह अमृत काल नही मित्र काल का दौड़ है। श्री निवास जी बताया की हमारे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राहुल गांधी जी का एक ही सवाल है कि आखिर 20000 करोड़ जो सेल कंपनी में है वह किसका है ?आखिर क्यों भाजपा देश के सारे यंत्र को उपयोग करके अदानी को बचाना चाहती है? बिहार युवा कांग्रेस के प्रभारी राजेश कुमार सैनी ने यह बताया कि कहीं जिस तरह से देश की संसद की आवाज को बंद कर दिया गया है जिस तरह से बेरोजगारी महंगाई चरम सीमा पर है देश की जनता इस पर सवाल ना उठाए इसके लिए देश के प्रधानमंत्री और भाजपा के लोग मुद्दा को भटका कर अपनी चुनावी रोटी सेंक रहे हैं लेकिन जनता सब समझ रही है और आने वाले दिनों में जनता जल्द ही इसका जवाब देगी वोट की चोट से देगी।




युवा अध्यक्ष गरीब दास ने कहा की ये सारा परपंच सिर्फ एक व्यक्ति विशेष को बचाने के लिए किया जा रहा है ,आखिर ऐसा क्या है कि देश के प्रधानमंत्री अडानी के मामले पर मौन हैं और जेपीसी की जांच से भाग रहे हैं । विधायक आनंद शंकर ने मसल जुलूस में भाग लिए और अपने संबोधन में बताया की एलआईसी और एसबीआई का पैसे किसके कहने पर अडानी की कंपनी में लगाया और बोला की राहुल गांधी देश के एक मात्र ऐसे नेता जो इस नफरत की बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहें है, महिलो को दर्द और उनकी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे है। विधायक आनंद शंकर ने बताया की देश की आर्थिक स्थिति बद्तर होगी है गरीब और गरीब होगया पूरे देश मे किसी का विकास हुआ है वो मोदी जी के मित्र अदानी की हुई है। बिहार प्रदेश कन्ट्रोल रूम के चेयरमैन श्री ब्रजेश पाण्डेय जी ने बताया की राहुल गांधी जी लोक सभा की सदस्यता खत्म एक साजिश की तहत खत्म की गाई है ताकि संसद में कोई जनता की आवाज न बन सके और अदानी मोदी की रिश्ते क्या है उसपर कोई कुछ न बोले।


पूर्व बिहार युवा अध्यक्ष गुंजन पटेल ने बताया की देश में युवाओं में आक्रोश साफ झलक रहा है और युवाओं ने मन बना लिया हैं कि नौकरी का जुमला देनेवाली मोदी सरकार को केंद्र से उखाड़ फेक देगी। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय राष्ट्रीय सचिव श्री हरि लोकतंत्र बचाओ मशाल जुलूस सफल आयोजन धन्यवाद ज्ञापन देते हुए बोला कि देश में एकमात्र नेता हमारे राहुल गांधी हैं सभी आवाज बंद कर डरो मत का नारा देकर देश को एकजुटता और समरसता लाने के लिए प्रयासरत हैं। इस आयोजन में बिहार युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दौलत इमाम, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अबू तनवीर, युवा के प्रदेश उपाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी, युवा मीडिया के चेयरमैन अमित कुमार, अमरदीप, आरिफ नवाज, विकास कुमार झा, सैयद एजाज अनवर,विजय कृष्ण झा, खुश्बू चंद्रवंशी,ईशा यादव, मुकल यादव, मृणाल कामेश, प्रशांत पाठक, अंजिष्णु, दीपक सहित सैकड़ों कांग्रेसी में भाग लिया।

**-ज्ञान रंजन, मीडिया पैनलिस्ट, मिडिया विभाग बिहार कांग्रेस, 8285009929**





# वायनाड पहुंचने पर राहुल गांधी जी का जोरदार स्वागत, एक झलक पाने के लिए हजारों लोगों की भीड़ सड़क पर उमड़ी














# देश संविधान से चलता है किसी जाति धर्म संप्रदाय से नहीं : राकेश राणा

पटना। कांग्रेस दर्पण

जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत आज धनोल्टी विधानसभा क्षेत्र के जौनपुर थतयूड ब्लॉक सभागार में ब्लॉक कांग्रेस की बैठक ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी टेहरी गढ़वाल के अध्यक्ष राकेश राणा, प्रदेश कांग्रेस के महासचिव मनमोहन सिंह मल्ल, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष श्रीमती आशा रावत प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती बसंती भारती, पीसीसी सदस्य जोत सिंह रावत अखिलेश उनियाल ब्लॉक अध्यक्ष गंभीर सिंह नेगी सूर्यपाल सिंह पवार दर्शन लाल नौटियाल इंद्रदेव डोभाल जिला देवेंद्र सिंह राणा की उपस्थिति में संपन्न हुई उपरोक्त कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल के अध्यक्ष राकेश राणा ने कहा कि कोई भी देश संविधान के अंतर्गत चलता है संविधान में हर जाति हर वर्ग हर धर्म संप्रदाय के लोगों को समान स्थान दिया गया है लेकिन आज भाजपा जाति धर्म के नाम पर देश को तोड़ना चाहती है उन्होंने कहा कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश के हर वर्ग को अपने साथ लेकर चलना चाहते हैं और यही कांग्रेस का संविधान बोलता है। भाजपा के लोगों ने विगत चुनाव में तरह–तरह के लुभावने वादे किए थे लेकिन आज धरातल पर कुछ भी नहीं है सिर्फ लोगों को गुमराह किया जा रहा है और नए नए नारे दे जा रहे हैं। प्रदेश महासचिव मनमोहन सिंह मल्ल और अखिलेश उनियाल ने कहा कि धनोल्टी विधानसभा विकास से कोसों पीछे हो गई है 15 सालों से यहां बिजली–सड़क–पानी की स्थिति बहुत खराब है प्रदेश में बेरोजगार नौजवान दर–दर की ठोकरें खा रहे। प्रदेश सदस्य ज्योत सिंह रावत ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि धनोल्टी विधानसभा के लोगों को चिंतन मनन करना चाहिए कि हमने कैसे हाथों कैसे लोगों के हाथों में अपने क्षेत्र को सौंप दिया आज यहां का विकास ठप हो गया है गांव में हर घर नल हर घर जल योजना में भ्रष्टाचार हो रहा है। महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत और बसंती भारती ने कहा कि प्रदेश में आज महिलाएं सुरक्षित नहीं है अंकिता भंडारी इसका सबसे बड़ा उदाहरण है आज भी अंकिता भंडारी के परिजनों को न्याय नहीं मिला गौरा देवी कन्या धन योजना में सरकार ने खूब भ्रष्टाचार किया है। उपरोक्त कार्यक्रम में जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राकेश राणा प्रदेश महासचिव मनमोहन मल्ल, महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती बसंती भारती जिला अध्यक्ष श्रीमती आशा रावत पीसीसी सदस्य अखिलेश उनियाल, जोध सिंह रावत, सुरेंद्र रावत, दर्शन नौटियाल, जिला कांग्रेस के महासचिव देवेंद्र सिंह राणा श्रीपाल पंवार, गंभीर सिंह नेगी जी सकलाना अध्यक्ष, विजय सिंह गुसाईं, महिपाल रावत, इंद्र देव डोभाल, नंदकिशोर नौटियाल, दिनेश रावत, हरफूल विश्कर्मा, सुमन भारती, अमित बडियादी, आदित्य कोहली, लछमण कुमार, मोहित नौटियाल, संदीप सजवाण, मोहबत सिंह, महीपाल पंवार, सुरेश चौहान, बंसती भारती, मनोज गौड़, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे




# लोकतंत्र बचाओ सत्याग्रह सह विशाल प्रदर्शन में भाग लिया



पटना। कांग्रेस दर्पण

देश में लोकतंत्र बचाने, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, किसान, सीमा सुरक्षा एवं मोदी जी के सहयोग से मित्रों–विजय माल्या, मेहुल चौकसी, ललित मोदी, नीरव मोदी, अनिल अंबानी एवं गौतम अडानी द्वारा #देशकीसम्पति तथा #देशकीगरीब एवं #नौकरीपेशा वालों की SBI, LIC, EFPO, PPF & PF (भविष्य निधि) आदि में जमापूंजी के पैसों की लूट को रोकने के लिए तथा #श्रीराहुलगाँधीजी के द्वारा संसद में आवाज उठाने पर सदस्यता समाप्त करने के विरोध में गृह जिला कांग्रेस सहरसा द्वारा #लोकतंत्र बचाओ सत्याग्ह सह विशालप्रदर्शन में भाग लिया।



आज सहरसा जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा अति पिछड़ा ने मोदी शाह के खिलाफ लोकतंत्र के हत्या को बचाने के लिए सहरसा जिला के सभी पिछड़ा अति पिछड़ा साथी एवं सहरसा के माता बहनों ने बहुत ही आक्रमण विरोध प्रदर्शन किया इसके लिए सभी भाई बहन को दिल की गहराई से आभार प्रकट कर्ता हू

# नियोजित शिक्षकों को सीधे तौर पर राज्य कर्मी बनाए महागठबंधन सरकार:रणजीत

पटना। कांग्रेस दर्पण

दिनांक 14/10/2020 को तेजस्वी यादव ने कहा था हमारी सरकार आने पर बिहार में कार्यरत नियोजित शिक्षकों को भी नियमित शिक्षकों की तरह समान काम के लिए, समान वेतन दिया जाएगा। कॉंग्रेस पार्टी के मेनिफेस्टो में भी यही लिखा हुआ था। दिनांक 10/08/2022 को नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव को कांग्रेस के सहयोग से सत्ता मिली। 10/04/2023 को महा गठबंधन सरकार ने कैबिनेट की बैठक में 2.50 लाख से अधिक शिक्षक भर्ती और उसके लिए बी पी एस सी की परीक्षा अलग से उत्तीर्णता अनिवार्य की। कैबिनेट बैठक में पुराने नियोजित शिक्षकों( 4 लाख के करीब ) को भी बीपीएससी से ली जाने वाली परीक्षा में शामिल होने का मौका मिलेगा, सफल होने पर नए कोटि के राज्य कर्मी का दर्जा मिलेगा, तीन मौका के बाद भी सफल नहीं होने पर बिना राज्य कर्मी का दर्जा पाए सेवानिवृत्त हो जाएंगे। का फरमान शिक्षकों का अपमान ही कहा जाए। जिनका कार्यकाल 5 साल से कम बचा है, उन्हें तो राज्य कर्मी बनने का मौका ही नहीं मिल पाएगा। यदि बीपीएससी की पहली, दूसरी परीक्षा में विफल रहे तो तीसरी परीक्षा में बैठने से वंचित रह जाएंगे कई शिक्षक। कई शिक्षक संघ ने प्रकाशित नियमावली 2023 को छलावा करार दिया। माध्यमिक शिक्षक संघ में आक्रोश देखा जा रहा है। अध्यापक की पात्रता प्राप्त करने के लिए परीक्षा में शामिल होने की बाध्यता और इन शिक्षकों के वेतन और राज्य कर्मी की



चिर प्रतीक्षित मांग को पूरा नहीं करने के खिलाफ शिक्षक संगठनों ने चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा कर रखी है। ऐसे में महागठबंधन के सभी घटक दलों के साथ मशविरा उपरांत फैसला लिया जाना चाहिए। जिसमें कांग्रेस की भी सहभागिता सुनिश्चित होनी चाहिए थी। शिक्षक किसी भी चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। लोकसभा चुनाव 2024 कांग्रेस के लिए करो या मरो जैसी लड़ाई है। नीतीश कुमार– तेजस्वी जी प्रयोग की राजनीति किये बगैर सीधे–सीधे राज्यकर्मी की घोषणा शिक्षा मंत्री से करवाएं। लोकसभा चुनाव 2024 विधानसभा चुनाव 2025 महागठबंधन की झोली में आएगी। नियोजित शिक्षकों को सीधे तौर पर राज्यकर्मी बनाये महागठबंधन सरकार

**-रणजीत कुमार मुखिया जी,पूर्व जिला सचिव बेगूसराय कॉंग्रेस कमिटी।**

## धनबाद में जय कांग्रेस सत्याग्रह को सफल बनाएंः ब्रजेंद्र

झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के चेयरमैन प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह ने आह्वान किया है की 12 अप्रैल को धनबाद में होने वाले जय कांग्रेस सत्याग्रह को सफल बनाने में जिले के तमाम नेता और कार्यकर्ता लगे हुए हैं कल पुराना कांग्रेस कार्यालय भवन के सामने प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी श्री अविनाश पांडे जी और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी का कांग्रेसियों के द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा और बढ़ती हुई महंगाई बेरोजगारी के विरोध में तथा साथ–साथ देश में जिस तरह से लोकतंत्र की हत्या की जा रही है और विपक्षि दलों को आवाज दबाने का काम किया जा रहा है उस पर भी जोरदार तरीके से आवाज उठाई जाएगी साथ साथ हमारे नेता राहुल गांधी पर जिस तरह से पक्षपात रवैया अपनाया जा रहा है उसका भी विरोध किया जाएगा झारखंड के कांग्रेस प्रभारी और अध्यक्ष पिछले 4 अप्रैल से पूरे झारखंड के हर जिलों में जाकर एक तरह से लोगों को जगाने का काम किया है आने वाले दिनों में जय भारत सत्याग्रह के कार्यक्रम के माध्यम से हम प्रखंड मंडल और बूथ स्तर पर भी जाएंगे और कांग्रेस को मजबूती प्रदान करेंगे चुनाव मैं अब केवल 11 महीने बचे हैं इसलिए पूरे झारखंड में कांग्रेस पार्टी अपने बलबूते पर चुनाव के लिए तैयार है लेकिन चुके हम महागठबंधन में है इसलिए महागठबंधन के बैनर तले ही आगामी 2024 के चुनाव लड़ी जाएगी अंत में धनबाद जिले के एक एक कार्यकर्ताओं से अपील किया है कि कल 10 :00 पुराना कांग्रेस ऑफिस के सामने हम लोग एकत्रित हो और

सभा को झारखंड में होने वाले सभी कार्यक्रमों सेअच्छा ऐतिहासिक बनाने का काम करें



# सभी विधानसभा अध्यक्ष / उपाध्यक्ष के साथ एक दिवसीय बैठक हुई



पटना। कांग्रेस दर्पण

जिला कांग्रेस कार्यालय गोकुल कृष्ण आश्रम पूर्णिया में युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैख़ सद्दाम जी के अध्यक्षता में युवा कांग्रेस के सभी विधानसभा अध्यक्ष / उपाध्यक्ष के साथ एक दिवसीय बैठक हुई ! जिसमें भारतीय युवा कांग्रेस के पोस्टकार्ड कैंपियनः जवाब दो मोदी जी का विमोचन एवं पोस्टकार्ड लॉन्च दिनांक 03/04/ 2023 को प्रदेश कार्यालय सदाकत आश्रम में किया गया था ! इसी के संधर्भ में जिला कांग्रेस कार्यालय बैठक में युवा अध्यक्ष शैख़ सद्दाम जी ने कहा कि सभी अपने अपने विधानसभा/ ब्लॉक/ पंचायत गाँव में कैंप लगाकर युवा साथियों के द्वारा पोस्टकार्ड मैं केंद्र की तानाशाही सरकार के विरुद्ध संदेश लिखने की अपील करें ! इसी कार्यक्रम को सफ़ल एवं संचालन बनाने हेतु जिला कांग्रेस कार्यालय गोकुल कृष्ण आश्रम पूर्णिया युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शैख़ सद्दाम जी, सेवादल जिलाध्यक्ष करण यादव,युवा नेता अनुभव सिंह युवा कांग्रेस जिला कॉर्डिनेटर अजमेर करीम जी, कस्बा विधानसभा अध्यक्ष, शहनवाज शरीफ जी, उपाध्यक्ष टीपू सुल्तान जी, युवा कांग्रेस नेता राहुल कुमार जी, पूर्णिया सदर विधानसभा अध्यक्ष शैख़ सुफ़ियान जी, धमदाहा विधानसभा उपाध्यक्ष मोहम्मद मनोबर आलम जी, अमौर विधानसभा अध्यक्ष संजीर आलम जी, बनमनखी विधानसभा अध्यक्ष फारुख प्रिंस जी, सहित दर्जनों युवा कांग्रेस नेता शामिल हुए !

# कांग्रेस पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा विभाग ने महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती मनाई।




पटना। कांग्रेस दर्पण

आज दिनांक 11/04/23 को सदाकत आश्रम पटना में महान भारतीय समाजसुधारक, समाज प्रबोधक, विचारक, समाजसेवी, लेखक, दार्शनिक महात्मा ज्योतिबा फुले जी की जयंती मनाई गई। महाराष्ट्र में जन्मे सत्यशोधक समाज के संस्थापक रहे ज्योतिबाफुले ने शोषित, पीड़ित, वंचित समाज में शिक्षा की अलख जगाई। कार्यक्रम में ज्योतिबा फूले की जीवन गाथा पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बिहार ओबीसी प्रभारी राजकिशोर बारीक शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष अनुराग चंदन जी के साथ यूपी ओबीसी प्रभारी मुद्रिका यादव, ओबीसी मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ गौतम कुमार, ओबीसी उपाध्यक्ष रवि गोल्डन, ओबीसी उपाध्यक्ष भास्कर यादव, राजेश कुमार , रूमा सिंह अशोक यादव , सुदय शर्मा, विकाश वर्मा सहित बहुत लोग शामिल हुए।

# ज्योतिबा फुले एवम् कस्तूरबा गांधी की जयंती मनाई गई

पटना। कांग्रेस दर्पण

**पटना।** आज गया के स्थानीय चौक स्थित इंदिरा गांधी प्रतिमा स्थल प्रांगण में दो महान हस्तियां ज्योतिबा फूले एवम् कस्तूरबा गांधी जी की जयंती कांग्रेस पार्टी के तत्वाधान में मनाई गई। सर्वप्रथम ज्योतिबा फूले एवम् कस्तूरबा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात् दोनो महान हस्तियों के व्यक्तित्व एवम् कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू ने किया तथा संचालन कांग्रेस सेवादल के जिला संगठक टिंकू गिरी ने किया।

नेताओ ने कहा की विख्यात समाज सुधारक, लेखक, दार्शनिक ज्योतिबा फूले जी आजीवन स्त्री, पुरुष में भेदभाव समाप्त करने, सभी को शिक्षित करने के लिए संघर्षरत रहे, ज्योतिबा फूले एवम् उनके धर्मपत्नी सावित्री बाई फुले ने गरीब, मध्यवर्गीय परिवार को शिक्षा एवम नई रौशनी देने का काम किया जिसे देशवासी आज भी गर्व से याद करते है।

नेताओ ने कहा की राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की धर्मपत्नी कस्तूरबा गांधी जिन्हे देशवासी प्यार से ₹ बा ₹ के नाम से संबोधित करते थे। कस्तूरबा गांधी महात्मा गांधी की अर्धनगणी के रूप में स्वतंत्रता आंदोलन में महती भूमिका निभाने का काम किए थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी जीतने दिनों तक जेल में रहे उतने दिन कस्तूरबा गांधी वीरांगना की भूमिका में उनके सभी कार्यों को निष्पादित करती थी। कार्यक्रम को पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, दामोदर गोस्वामी, शिव कुमार चौरसिया, उदय शंकर पालित, विनोद उपाध्याय, सुजीत कुमार गुप्ता, राजेश अग्रवाल, मो समद, असरफ इमाम, डा मदन कुमार सिन्हा, राम नरेश सिंह पायोद, शशिकांत सिन्हा, अभिषेक श्रीवास्तव, सुनील कुमार राम, विनोद उपाध्याय, आदि ने संबोधित किया।

विजय कुमार मिठू



# जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत प्रखंड के शेरनिया चौक पर नुक्कड़ सभा

पटना। कांग्रेस दर्पण

मटिहानी प्रखंड कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रामानुज कुँवर के नेतृत्व में आदरणीय राहुल गाँधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त किये जाने के विरोध में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत प्रखंड के शेरनिया चौक पर नुक्कड़ सभा एवम हिटलरशाही पीएम नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कार्य सम्पन्न हुआ। इसके पूर्व पैक्स अध्यक्ष राहुल राय के दरवाजे पर मटिहानी 02 के शाखा के प्रबुद्ध कॉंग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में शाखा का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से रामपुकार राय को दुबारे अध्यक्ष बनाया गया। 11सदस्यीय कमिटी में बच्चू साह, भोथो यादव, संजीव कुमार, जनार्दन राय, ब्रजेश कुमार, दिनेश ठाकुर, रामसागर साह, भुल्लू ठाकुर, विजय पासवान, धनेश्वर राय चयनित किये गए। इस अवसर पर एआईसीसी डेलिगेट अभय कुमार सिंह सारजन ने कहा कि देश अभी संकट के दौर से गुजर रहा है। भारत की सरकार अडानी समूह जैसे पूंजीपतियों के इशारे पर चल रही है। रामानुज कुँवर ने कहा भारत की आर्थिक नीति दो व्यक्ति मोदी–शाह ही तय करते हैं। बीपीसीसी सदस्य रामविलास सिंह ने कहा कि धार्मिक भावना को भड़काकर इंसान– इंसान के बीच नफरत पैदा किया जा रहा है। पूर्व युबा अध्यक्ष रणजीत कुमार ने कहा कि राहुल गाँधी विश्व के लोकतांत्रिक देशों में नंबर 01 नेता बनकर उभरे हैं। बैठक और नुक्कड़ सभा को मंडल अध्यक्ष अनिल राय, कॉंग्रेस नेता रामचन्द्र सिंह, मो. मतीन, रणजीत कुमार मुखिया जी, गोपाल कुमार राठौर, स्वप्निल सोनू, पवन गाँधी, विक्रम कुमार, राहुल कुमार, पंकज सिंह, हरेराम साह, प्रमोद सिंह, सुरेश सिंह सरपंच, मुकेश डॉ, वीरेंद्र कुमार उर्फ गोंगू सिंह, नरेश मल्लिकने सम्बोधित किया।






**अलौली विधानसभा से सैकड़ों कार्यकर्ता के साथ पटना के सदाकत आश्रम से मशाल जुलूस में सम्मिलित हुए खगड़िया जिला अध्यक्ष सनी कुमार डीएम जी एवं कांग्रेस परिवार के सभी नेत।**

**कुमार सत्य विजय।**

**विधानसभा अध्यक्ष अलौली**

# महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई




संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के नेशनल कॉर्डिनेटर राजेंद्र सोनी के कार्यालय में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई, इस कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य अनुप सिंह बाजवा, शहर ब्लॉक अध्यक्ष सुरेन्द्र स्वामी, रामदेव ढाका, भीमराज दुढाडा ब्लॉक अध्यक्ष ओबीसी विभाग श्रीगंगानगर, राजेन्द्र भोभरिया, अजय गौड़ आईटी सेल, सोहनलाल नायक सोशल मीडिया प्रभारी, मुरारी लाल सोनी, प्रेम भाटिया, सोहनलाल नोखवाल, संजय पाल स्वामी, सुखदेव सोनी सहित कांग्रेस के अनेक सम्मानित सदस्यों ने महात्मा ज्योतिबा फूले जी को श्रृद्धा सुमन अर्पित करते हुए अपने विचार प्रकट किये, वक्ताओं ने शिक्षा व समाज सेवक के रूप में ज्योतिबा फूले के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला और उनको याद किया।। वक्ताओं ने उनकी जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने पर मुख्य मंत्री अशोक गहलोत का धन्यवाद व्यक्त किया।।

# मानसी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रतिभा कुमारी उर्फ पार्वती देवी के द्वारा बैठक का आयोजन



संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

दिनांक 11 अप्रैल 2023 को मानसी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रतिभा कुमारी उर्फ पार्वती देवी के द्वारा एक बैठक रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुमार भानु प्रताप उर्फ गुड्डू पासवान जी मौजूद थे।

जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में दिनांक 19 अप्रैल 202023 को खगरिया समाहरणालय के समक्ष जनसभा और घेराव किया जाएगा, इसी को लेकर बैठक किया गया।

इस बैठक में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष कुमोद कुमार सिंह उर्फ मुनमुन सिंह, पूर्व मानसी प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार रंजन, जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अरुण कुमार, पूर्व प्रखंड उपाध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी, जिला सचिव धीरेंद्र सिंह, जिला सचिव राजीव कुमार उर्फ गुड्डू, सुरेश लहरी श्याम किशोर यादव, रतन शर्मा, गुंजन देवी, कंचन देवी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बीसूका सदस्य बनने पर भानुका का किया स्वागत



संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

लक्ष्मणगढ़ 11 अप्रैल।राज्य सरकार द्वारा गठित सीकर जिला बीसूका क्रियान्वयन समिति में पूर्व पार्षद संजीव भानुका को सदस्य मनोनीत किए जाने पर युवाओं ने माल्यार्पण कर साफा पहनाकर स्वागत किया तथा खुशी का इजहार करते हुए मिठाई वितरित कर लक्ष्मनगढ विधायक पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा व राज्य सरकार का आभार जताया। पूर्व पार्षद संजीव भानुका के निज निवास पर आयोजित संक्षिप्त व गरिमामय समारोह में कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के विधानसभा अध्यक्ष मनोज कुमार सैनी, शहर कांग्रेस पश्चिम अध्यक्ष चांद खां, पार्षद प्रतिनिधि बादल सैनी, यूथ कांग्रेस के आकाश कुमावत, विश्वनाथ टांक, लक्की बागड़ी, प्रकाश सारण, ठरवकके संजय सैनी आदि ने भानुका का माल्यार्पण कर साफा पहनाकर स्वागत किया।

# शामली जिला कांग्रेस कैंप कार्यालय पर निकाय चुनाव के आवेदन पत्र जमा हुए

दीपक सैनी
संवाददाता। कांग्रेस दर्पण



शामली जिला कांग्रेस कमेटी के कैंप कार्यालय बड़ीआल शामली पर निकाय चुनाव का बिगुल बज चुका है। माननीया प्रियंका गांधी जी राष्ट्रीय महासचिव एवं नसीमुद्दीन सिद्दीकी जी प्रान्तीय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पुर्व कैबिनेट मंत्री जी के निर्देश पर निकाय चुनाव की तैयारी में सभी कांग्रेस जनों को कहा गया है की कांग्रेस प्रत्याशी को मजबूती के साथ चुनाव लड़वाना है। जो निकाय चुनाव की तैयारी कर रहे प्रत्याशी दमखम से।

सरकार हर चुनाव की अचानक से करतीं हैं घोषणा जिसमें प्रत्याशी को तैयारी करने का मोका तक नही मिलता है।


आज कल के चुनाव प्रचार प्रसार कुछ अलग हो गया है। चुनाव में ज्यादा खर्च नहीं करना चाहिए और वोटर का लालच नहीं देना चाहिए। क्योंकि प्रत्याशी ज्यादा खर्च करेगा तो जनता की सेवा नहीं कर पाएगा।

वोट उसको दो समाजिक ओर जनहित विचारधारा रखता हो जिसका रिकॉर्ड समाज की नजर अच्छी हो। आज कांधला नगर अध्यक्ष कांग्रेस जाहिद यामिन के नेतृत्व में कांधला से कांग्रेस के सिब्बल से कांधला से अध्यक्ष पद का चुनाव लडने के लिए फैजल बाबु ने आवेदन पत्र जमा किया है

इन्होने कांग्रेस की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। फैजल बाबु ने कहा की कांग्रेस पार्टी पुरानी पार्टी है मेरा परिवार भी कांग्रेस से जुड़ा हुआ है। दीपक सैनी शामली कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांधला में इतिहास गवाह है यहां कांग्रेस पार्टी के सिब्बल पर तीन बार चैयरमैन पद विजय प्राप्त कर चुके हैं। इस बार भी दमखम से कांग्रेस प्रत्याशी को मजबूती से चुनाव लड़ाने का काम करेगी। चाहे अध्यक्ष हो चाहे सभासद हो कांग्रेस ईमानदार से चुनाव कराती है मगर आज की सरकार का फार्मूला बहुत कुछ अलग हटके है ऐसा नहीं करना चाहिए। शामली शहर से दो मुस्लिम और एक ब्राम्हण समाज से नाम आया है।

शामली कांग्रेस कैंप कार्यालय पर मोजूद रहे।

दीपक सैनी शामली कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश भारद्वाज जिला महासचिव, शैखरपाल प्रदेश महासचिव पिछड़ा, जाहिद यामिन नगर अध्यक्ष कांधला कांग्रेस, आदेश कश्यप प्रदेश उपाध्यक्ष, फैजल बाबु कांधला, धीरज उपाध्यक्ष प्रदेश सचिव, महावीर सैनी, आमाम खान कांधला, कादीर जंग, मिर्जा जी, गयुर, अरुण जैन, राहुल शर्मा, रामपाल पांचाल, रामशरण नामदेव, राधेश्याम सैनी, निनना अंसारी, हासिम आदिल, आदि मौजूद रहे।




सिखों के नौवें गुरु 'हिन्द की चादर' श्री गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं!

गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। लेकिन अधर्म के आगे झुके नहीं।

उनके त्याग और शिक्षाओं पर हर भारतीय को अभिमान है।

-डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह

# बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के द्वारा आयोजित मशाल जुलूस में शामिल होने के लिए गया से सैकड़ों युवा साथियों ने लिया हिस्सा



श्रीगंगानगर। कांग्रेस दर्पण

पटना में बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के द्वारा आयोजित मशाल जुलूस में सामिल होने के लिए गया जिला से सैकड़ों युवा साथियों ने हिस्सा लिया। इस मशाल जुलूस में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास जी पटना पहुंचे जिनका भव्य स्वागत पटना एयरपोर्ट बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी राजेश सनी जी, अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास, उपाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी, गया जिला अध्यक्ष विशाल कुमार के साथ हजारों युवा साथियों ने किया।

मशाल जुलूस पटना कांग्रेस कार्यालय सदाकत आश्रम से निकल कर राजेंद्र बाबु की समाधि सथल पर खतम हुआ। इस जुलूस में गया जिला युवा कांग्रेस का साथ देने के लिए वजीरगंज के पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर शशि शेखर सिंह जी, पूर्व युवा गया जिला अध्यक्ष बिपिन बिहारी सिन्हा, बिहार प्रदेश डेलीगेट कुंदन कुमार भी सामिल हुए। गया जिला युवा कांग्रेस से शमीम आलम, कुणाल कांत, नृप रंजन, मुजमिल, सुरेंद्र, दीपक, मुन्ना मांझी, अभिषेक कुमार, कृष्णा मुरारी, सनी उजालाआदि ने पटना जाकर मसल जुलूस में सामिल हुआ।




गया जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार ने बताया कि मशाल जुलूस राहुल गांधी जी की सदस्यता समापत करने, महंगाई, बेरोजगारी, जेपीसी गठन जैसे मुद्दों पर निकला गया, पूरा पटना शहर हजारों कार्यकर्ता की भीड़ से भर गया और मोदी, शाह, अदानी मुर्दाबाद के नारों के साथ गूंज उठा।

भवदीय
विशाल कुमार
अध्यक्ष गया जिला युवा कांग्रेस

# वायनाड पहुंचने पर राहुल गांधी जी का जोरदार स्वागत, एक झलक पाने के लिए हजारों लोगों की भीड़ सड़क पर उमड़ी

**इंजीनियर मोहिउद्दीन खान**

पटना।कांग्रेस दर्पण

कई स्थानीय लोगों ने दावा किया कि यह वायनाड में अब तक की सबसे बड़ी भीड़ है, यहां तक कि यह उस भीड़ से भी बहुत ज्यादा है जो 2019 के लोकसभा चुनावों के लिए अपना नामांकन दाखिल करने पहुंचे राहुल गांधी का स्वागत करने के लिए उमड़ पड़ी थी।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी गुजरात कोर्ट से 2019 के आपराधिक मानहानि मामले में दोषी ठहराए जाने पर लोकसभा सदस्यता रद्द किए जाने के बाद आज पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड के दौरे पर पहुंचे, जहां कई किलोमीटर तक सड़कों के दोनों ओर खड़ी हजारों लोगों की अभूतपूर्व भीड़ ने उनका जोरदार स्वागत किया। राहुल गांधी के साथ उनकी बहन प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं।भीड़ को देखते हुए कई स्थानीय निवासियों ने दावा किया कि यह वायनाड में अब तक की सबसे बड़ी भीड़ थी, यहां तक कि यह उस भीड़ से भी ज्यादा थी जो 2019 के लोकसभा चुनावों के लिए अपना नामांकन दाखिल करने पहुंचे राहुल गांधी का स्वागत करने के लिए उमड़ पड़ी थी।

2019 में राहुल गांधी ने सीपीआई के पीपी सुनीर को चार लाख से अधिक मतों के भारी अंतर से हराकर वायनाड लोकसभा सीट जीती थी।जोरदार स्वागत के बाद राहुल गांधी ने वायनाड में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि सांसद तो बस एक टैग है। यह एक पद है इसलिए बीजेपी टैग हटा सकती है, वे पद ले सकते हैं, वे घर ले सकते हैं और वे मुझे जेल में भी डाल सकते हैं लेकिन वे मुझे वायनाड के लोगों का प्रतिनिधित्व करने से नहीं रोक सकते हैं। उन्हें लगता है कि वे मेरे घर पुलिस भेजकर मुझे डराएंगे लेकिन मैं वास्तव में खुश था कि उन्होंने मेरा घर ले लिया आप मेरा घर 50 बार ले लो लेकिन मुझे कोई परवाह नहीं है। मैं तब भी देश और वायनाड के लोगों के मुद्दे उठाता रहूंगा।

राहुल गांधी ने अडानी को लेकर पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि मैंने संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछा कि आप अडानी के साथ अपने संबंध के बारे में बताएं। मैंने पूछा कि आपका अडानी के साथ क्या संबंध हैं ? लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसका जवाब नहीं दिया। बीजेपी के मंत्रियों ने संसद में मेरे बारे में झूठ बोला। मैं स्पीकर के पास भी गया लेकिन फिर भी मुझे बोलने नहीं दिया गया। बीजेपी ने मुझे संसद से अयोग्य घोषित कर दिया, मेरा घर ले लिया और मुझ पर 24 घंटे हमला कर रहे हैं। मैं जनता हूं मैं सही कर रहा हूं और जितना वो मुझ पर हमला करते रहें, मैं रुकूंगा नहीं। इस अयोग्यता से वायनाड के लोगों के साथ मेरा रिश्ता और गहरा होगा।

हेलीकॉप्टर से  वायनाड पहुंचे । राज्य के शीर्ष कांग्रेस नेताओं ने हेलीपैड पर उनका स्वागत किया और उसके बाद सभी एक खुले वाहन में सवार हो गए। कांग्रेस नेता की एक झलक पाने के लिए रोड के दोनों तरफ भारी संख्या में भीड़ जमा हो गई। कई किलोमीटर लंबी भीड़ तो पार करते हुए वे बड़ी मुश्किल से आगे बढ़ सके।

